नईदुनिया

भोपाल, 21 नवम्बर 2026

25 से 20 दिन के लिए बंद रहेगा रोशनपुरा से राजभवन तिराहे तक का मार्ग

मेट्रो ट्रेन परियोजना के निर्माण कार्य के चलते लिया निर्णय

वाहनों के लिए तय किए वैकल्पिक मार्ग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में मेट्रो के निर्माण कार्य के चलते शहर के प्रमुख मार्ग रोशनपुरा चौराहा से राजभवन तिराहे तक 25 नवंबर से यातायात व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। करीब 20 दिनों तक इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रहेगी।

ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों की सुविधा और जाम से बचने के लिए वैकल्पिक रास्ते तय किए हैं। निर्माण कार्य रोशनपुरा से मुगल बाजार, जहांगीराबाद स्थित जैन मंदिर तक तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में रोशनपुरा से राजभवन तक काम होगा।

इन रास्तों से गुजरेंगे वाहन

- *रोशनपुरा से राजभवन जाने वाले वाहन बाणगंगा चौराहा, केएन प्रधान तिराहा और मछलीघर होकर गुजर सकेंगे।*
- *लिंक रोड-एक से आने वाले वाहन अंकुर स्कूल, रमेश टेलर और नरेश बर्तन भंडार मार्ग से रोशनपुरा पहुंच सकेंगे।*
- *विधानसभा, मंत्रालय और बिरला मंदिर जाने वाले वाहन एमएल रेस्ट हाउस, मालवीय नगर तिराहा, गांधी पार्क तिराहा और मछलीघर मार्ग से आवाजाही कर सकेंगे। इस रास्ते पर केवल दोपहिया और चार पहिया वाहनों को अनुमति रहेगी।*

बड़े वाहनों के लिए अलग रास्ता-

विधानसभा, मंत्रालय और बिरला मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग संकरे होने के कारण बड़े, लोडिंग वाहन और चार पहिया वाहन इस रास्ते से नहीं गुजर सकेंगे। ऐसे वाहन रोशनपुरा चौराहा और बाणगंगा मार्ग का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि निर्माण अवधि के दौरान निर्धारित डायवर्जन का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर अनावश्यक जाम से बचें।

शासकीय सांदीपनि स्कूल में समाजसेवियों का सम्मान



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, निशातपुरा में समाजसेवियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी एमके राही का सम्मान प्राचार्य आरसी जैन और उप प्राचार्य श्रीमती अनीता चोलकर ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत एमके राही के हाथों दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। उन्होंने विद्यालय में स्थापित नवीन वाटर कूलर का भी शुभारंभ किया। इससे विद्यार्थियों को स्वच्छ और शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान प्राचार्य आरसी जैन ने समाजसेवियों को विद्यालय का भ्रमण कराया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट, पुस्तकालय और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी।

विद्यालय में शिक्षकों और विद्यार्थियों के आपसी समन्वय से शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करने के प्रयासों से भी अवगत कराया।

एमके राही ने विद्यालय की गतिविधियों और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अन्य शासकीय विद्यालयों को भी इस तरह के प्रयासों से प्रेरणा लेनी चाहिए। शिक्षक, विद्यार्थी और विद्यालय परिवार के बेहतर तालमेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। अंत में एमके राही ने प्राचार्य आरसी जैन और विद्यालय के समस्त स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई संत नामदेव महाराज की जयंती



नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज की जयंती एवं देवउठनी एकादशी का पावन पर्व शुक्रवार को राजधानी में श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तीर्थस्थल दादाजी धाम मंदिर सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अनुष्ठान हुए।

रायसेन रोड के पटेल नगर स्थित श्री दादाजी धाम मंदिर में सुबह 10 बजे से विशेष धार्मिक कार्यक्रम हुआ। मंदिर ट्रस्ट के शिवरतन नामदेव एवं जीवन नामदेव सहित उपस्थित भक्तों ने सामूहिक रूप से नामदेव महाराज एवं भगवान लक्ष्मी-नारायण का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर बाबा खाटूश्याम जी के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में भी विशेष पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर आरती की। शाम साढ़े छह बजे पंडित राजेन्द्र पलिया के सान्निध्य में तुलसी माता एवं भगवान शालिग्राम का विवाह वैदिक और पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया। भक्तों ने मंगलगीत गाए तथा भगवान शालिग्राम और तुलसी माता की आरती कर सुखी दांपत्य जीवन एवं परिवार की खुशहाली की कामना की।

सुंदरकांड का पाठ हुआ : नामदेव समाज विकास परिषद द्वारा जवाहर चौक स्थित संत नामदेव सामुदायिक भवन एवं मंदिर में संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। यहां संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हवन, आरती, भजन-कीर्तन के बाद एवं प्रसाद वितरण किया गया। इसमें संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नामदेव (गाडरवारा),संरक्षक अवधनारायण नामदेव,कमल किशोर नामदेव,एनपी नामदेव अवधेश चंद्र नामदेव रिटायर्ड डीएसपी सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं समाजजन शामिल हुए। सभी ने संत नामदेव महाराज के आदर्शों का स्मरण करते हुए उनके बताए भक्ति, प्रेम, समानता और मानव सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

भोपाल में घायल बाघ की हॉक जॉइंट फ्यूजन सर्जरी सफल



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में घायल नर बाघ की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। मप्र में पहली बार किसी वन्यजीव के उपचार के दौरान हॉक जॉइंट फ्यूजन सर्जरी की गई है। उपचार के बाद बाघ ने दोबारा सामान्य रूप से भोजन करना शुरू कर दिया है।

3 नवंबर को सागर वनमंडल के ढाना परिक्षेत्र की रानगिर बीट के कक्ष क्रमांक 780 में करीब चार वर्षीय नर बाघ गंभीर रूप से घायल मिला था। 7 नवंबर को चिकित्सकीय परीक्षण और एक्स-रे में उसके पिछले बाएं पैर में फ्रैक्चर पाया गया। बाद में हड्डी मांसपेशियों और त्वचा को भेदकर बाहर आ गई। बाघ की गंभीर स्थिति को देखते हुए 18 नवंबर को विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सर्जरी की। इसमें उसके बाएं पिछले पैर के हॉक जॉइंट का फ्यूजन किया गया। यह सर्जरी प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक डॉ. समीता राजोरा और वन विहार के संचालक विजय कुमार की उपस्थिति में हुई।

देवउठनी ग्यारस पर विश्राम घाट में सत्संग चालीस साल पुरानी परंपरा कायम



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः देवउठनी ग्यारस पर संत नगर के विश्राम घाट में सत्संग आयोजित किया गया। यहां वर्ष में एक बार होने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रवचन सुने। स्वामी टेऊंराम आश्रम (बेहटा गांव) द्वारा शुरू की गई यह परंपरा पिछले 40 वर्षों से लगातार जारी है।

इस परंपरा की शुरुआत सतगुरु स्वामी शांतिप्रकाश महाराज और सतगुरु स्वामी देवप्रकाश महाराज के आशीर्वाद से स्वर्गीय दादी विद्या देवी ने की थी। उनके देवलोकगमन के बाद अब आश्रम के संचालक नारायणदास साधवानी और सेवाधारी वर्षा खुशलानी के सानिध्य में आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्षा खुशलानी, चंद्र नागदेव, मदन साधवानी, श्याम इसरानी और दयाल तोलानी ने भजन-कीर्तन एवं सत्संग प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने कार्तिक मास के महत्व और देवउठनी ग्यारस के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डाला। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, नंद दादलानी, किशोर साधवानी, हेमंत सावलानी, कन्हैया नागदेव, गोपाल उधानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में माधु चांदवानी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

देवउठनी ग्यारस पर बजरंग सेना समिति ने बांटे तुलसी के पौधे

***नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** देवउठनी ग्यारस के अवसर पर बजरंग सेना समिति ने ज्वाला कॉन्वेंट स्कूल में तुलसी के पौधों का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और मां तुलसी की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई।*

समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी ने कहा कि जिस घर में मां तुलसी का पौधा होता है, वहां श्रीहरि का वास माना जाता है। तुलसी भगवान विष्णु को प्रिय हैं और उनके बिना पूजा अधूरी मानी जाती है। अर्चक पंडित राजकुमार गर्ग ने प्रत्येक घर में तुलसी का पौधा लगाने और नियमित पूजा करने का आग्रह किया। महासचिव गुरदास रामचंदानी ने कहा कि तुलसी का पौधा घर में सकारात्मक ऊर्जा और सुख-शांति का प्रतीक है। उपाध्यक्ष महेश खटवानी ने तुलसी विवाह के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर राज बिजोरिया, विष्णु नाथानी, रमेश तोलानी, बीके सेन, राजकुमार धानुक सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

शहीद निरीक्षक आशीष शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः अमर शहीद निरीक्षक आशीष शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर पुलिस लाइन बालाघाट स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक मलय जैन सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर शहीद निरीक्षक आशीष शर्मा के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता और पुलिस सेवा के प्रति समर्पण को याद किया गया। अधिकारियों ने कहा कि कर्तव्य के प्रति उनकी निर्भीकता, दृढ़ संकल्प और जनसुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता पुलिस बल के लिए आदर्श है।

शहीद निरीक्षक शर्मा ने राष्ट्र और समाज की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन और शौर्य पुलिस के जवानों को विपरीत परिस्थितियों में भी कर्तव्य पथ पर अडिग रहने तथा जनसेवा के आदर्शों का पालन करने की प्रेरणा देता रहेगा। मध्यप्रदेश पुलिस अपने अमर शहीदों के त्याग, बलिदान और समर्पण को सदैव सम्मानपूर्वक याद करती है। निरीक्षक आशीष शर्मा की स्मृतियां, आदर्श और राष्ट्रसेवा के प्रति उनकी निष्ठा पुलिस बल और समाज के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी।

विधिक जागरूकता बाइक रैली के साथ विधिक सेवा सप्ताह का समापन



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), भोपाल के तत्वावधान में 14 से 20 नवंबर तक आयोजित 'न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह-2026' का शुक्रवार को विधिक जागरूकता बाइक रैली के साथ समापन हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें न्यायिक अधिकारियों और प्राधिकरण के सचिव ने भी भाग लिया।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक के लिए विधिक जागरूकता जरूरी है। प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य कमजोर और वंचित वर्गों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा सभी को न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना है। बाइक रैली के माध्यम से आम नागरिकों को नि:शुल्क विधिक सहायता, संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, महिला और बाल अधिकारों तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने नारों और संदेशों के जरिए लोगों को जागरूक किया।

सप्ताहभर आयोजित गतिविधियों के दौरान नि:शुल्क विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 का भी प्रचार-प्रसार किया गया। रैली में जिला विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायालय एवं प्राधिकरण के कर्मचारी, डिफेंस काउंसिल के सदस्य, पैरालीगल वॉलंटियर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, विधि के विद्यार्थी और अन्य प्रतिभागी शामिल हुए।

करोड़ों की धोखाधड़ी में दो वर्ष से फरार रमतानी दंपती गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः फ्लैट बेचने के नाम पर करीब 30 लोगों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले बिल्डर संदीप रमतानी और उसकी पत्नी संगीता को अयोध्या नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ अयोध्यानगर के अलावा शहर के अन्य थानों में भी ठगी के अपराध दर्ज हैं। वे पुलिस से बचने के लिए विदेश चले गए थे।

पुलिस को उनकी दो वर्ष से तलाश थी। हाल ही में उनके विदेश से वापस लौटने की सूचना पुलिस को मिली थी। इस आधार पर शुक्रवार रात उन्हें बैरागढ़ से पकड़ा गया। आरोपी दंपती अयोध्या बायपास स्थित सागर एवेन्यू के पास निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में फ्लैट बुकिंग के नाम पर रकम वसूलने के बाद खरीदारों को न तो फ्लैट दे रहे थे और न ही उनके पैसे लौटा रहे थे। इनके खिलाफ अयोध्या नगर थाने में पांच सहित शहर के अन्य थानों में भी मामले दर्ज हैं।

सिंधी समाज कॉकटेल पार्टियों और प्री-वेडिंग शूट के खिलाफ चलाएगा जागरूकता अभियान



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः पूज्य सिंधी पंचायत का दीपावली मिलन समारोह एवं साधारण सभा की बैठक नवयुवक सभा स्कूल भवन में पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत माता लक्ष्मी, भगवान श्रीराम, भगवान झूलेलाल और परमहंस संत हिरदाराम साहिब के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई।

अध्यक्ष माधु चांदवानी ने समाजसेवा के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि शादियों में कॉकटेल पार्टियों और प्री-वेडिंग शूट जैसी पाश्चात्य परंपराओं को बढ़ावा देने से रोकने के लिए पंचायत जनजागरण अभियान चलाएगी। सोशल मीडिया और पंपलेट के माध्यम से लोगों से सनातन संस्कृति अपनाने की अपील की जाएगी। उन्होंने तेरहवीं के भोज पर रोक लगाने के निर्णय में समाज के सहयोग के लिए आभार भी जताया।

बैठक में सदस्यों ने विवाह समारोहों में दूल्हे के समय पर नहीं पहुंचने और क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर चिंता जताई। साथ ही फाटक रोड पर फ्लाईओवर निर्माण के कारण बेघर हुए लोगों के शीघ्र पुनर्वास की मांग विधायक और शासन से की।

उपाध्यक्ष गुलाब जेठानी ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अवसर पर थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष कन्हैया इसरानी, महासचिव दिनेश वाधवानी और उपाध्यक्ष नरेंद्र लालवानी का सम्मान किया गया। बैठक में पंचायत के पदाधिकारी, समाजसेवी और बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश शेवानी ने किया तथा आभार पुरुषोत्तम हरचंदानी ने माना।

दिव्यांगजनों को सरकारी अस्पतालों में पार्किंग शुल्क से मिलेगी छूट

भोपाल। मध्यप्रदेश में दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं और उनके अधिकारों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय ने नए निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में दिव्यांगजनों से पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। वहीं, यात्री बसों में किराए पर 50 प्रतिशत छूट नहीं देने और अभद्र व्यवहार करने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

आयुक्त कार्यालय को मिली शिकायतों के बाद इंदौर, भोपाल, राजगढ़, खरगोन, भिंड और ग्वालियर के परिवहन अधिकारियों को संबंधित बस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायतों में बस परिचालकों पर दिव्यांग यात्रियों से पूरा किराया वसूलने और उनके साथ अभद्रता करने के आरोप लगाए गए हैं।

इसी क्रम में इंदौर के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने भोपाल आरटीओ को पत्र लिखकर

बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की 34 सूत्रीय मांगों पर प्रमुख सचिव से की चर्चा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की 34 सूत्रीय मांगों को लेकर जनता यूनियन एवं बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह से मंत्रालय में मुलाकात की।

प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव, महामंत्री दिनेश सिसोदिया और सतीश साहू के नेतृत्व में हुई बैठक में करीब 45 मिनट तक चर्चा हुई। बैठक में आउटसोर्स कर्मचारियों को पांच बिजली कंपनियों में लीव इनकैशमेंट, बिजली बिल वसूली पर 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि और पांच वर्ष की सेवा पूरी करने पर ग्रेच्युटी देने की मांग रखी गई। लाइन हेल्परों के साथ सब स्टेशन ऑपरेटरों और विद्युत सहायकों को जोखिम भत्ता देने तथा योग्य कर्मचारियों को उच्च कुशल श्रेणी का न्यूनतम वेतन देने पर भी चर्चा हुई। इन मांगों पर प्रमुख सचिव ने सैद्धांतिक सहमति व्यक्त की।

इसके अलावा आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण, दुर्घटना में मृत कर्मचारियों के परिजनों को संविदा नियुक्ति और अनुकंपा नियुक्ति के लिए गैर तकनीकी पद बहाल करने की मांग पर मानवीय आधार पर विचार करने का आश्वासन दिया गया।

कर्मचारियों को मासिक बोनस, सुरक्षा उपकरण, बरसाती जूते, रेनकोट, ऑफर लेटर और वेतन पर्ची देने पर भी सैद्धांतिक सहमति बनी। नाइट अलाउंस और 15 दिन आकस्मिक अवकाश देने के मुद्दों पर भी प्रमुख सचिव का रुख सकारात्मक रहा। बैठक में वेतन कटौती, दुर्घटना मुआवजा, सीपीसीटी की अनिवार्यता, कर्मचारियों के स्थानांतरण और आंदोलन के दौरान हटाए गए कर्मचारियों की बहाली सहित अन्य मांगों पर भी विचार करने का आश्वासन दिया गया।

बाग मुगालिया का ईकोलॉजिकल पार्क सुबह तीन घंटे खुलेगा

नप्र, भोपालः भोपाल के बाग मुगालिया स्थित ईकोलॉजिकल पार्क को फिर से खोलने पर वन विभाग और रहवासियों के बीच सहमति बन गई है। अब पार्क सुबह 7 से 10 बजे तक सैर के लिए खुला रहेगा। हालांकि, शाम के समय घूमने पर प्रतिबंध जारी रहेगा। सुरक्षा के मद्देनजर लोगों को समूह में घूमने और प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार सुबह वन विभाग के अधिकारियों ने रहवासियों के साथ बैठक की।

इसमें रेंजर दीपक श्रीवास्तव और डिप्टी रेंजर कुलदीप शर्मा मौजूद रहे। बैठक में पार्क को निर्धारित समय के लिए खोलने का निर्णय लिया गया। रहवासियों ने भी सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने पर सहमति जताई। पार्क बंद होने से नाराज रहवासी 24 नवंबर को 'ईकोलॉजिकल पार्क चलो, पार्क खुलवाओ' आंदोलन करने वाले थे।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1,गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक सीनियर एम.आई.जी./सी-138 मण्डल द्वारा (1) श्री विजेन्द्र सिंह ठाकुर आत्मज स्व. श्री एम. एस. ठाकुर (2) श्रीमती कमलेश ठाकुर पुत्री स्व. श्री एम. एस. ठाकुर, पत्नी श्री रामअख्तयार सिंह ठाकुर के नामों से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 27/01/2012 को पंजीकृत किया गया है। इनमें से श्री विजेन्द्र सिंह ठाकुर ने उक्त सम्पत्ति का अपना अविभाजित हिस्सा हक त्याग पत्र के माध्यम से श्रीमती कमलेश ठाकुर पुत्री स्व. श्री एम. एस. ठाकुर, पत्नी श्री रामअख्तयार सिंह ठाकुर के पक्ष में हक त्याग कर दिया है। जिसका हक त्याग पत्र का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 04/07/2024 की पंजीकृत किया गया है। हक त्यागकर्ता/हक त्यागग्रहिता द्वारा प्रस्तुत आवेदन, शपथपत्र, संयुक्त शपथ, हक त्याग विलेख की छायाप्रति की छायाप्रति व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति में से श्री विजेन्द्र सिंह ठाकुर का नाम विलोपित कर श्रीमती कमलेश ठाकुर पुत्री स्व. श्री एम. एस. ठाकुर, पत्नी श्री रामअख्तयार सिंह ठाकुर के एकल नाम से हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति में नाम विलोपित कर एकल नाम से हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल

4082

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2,अयोध्या नगर, भोपाल

आम सूचना

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक एम. आई. जी. 222 के सेक्टर मण्डल द्वारा श्रीमती सुनीता राजवैद्य पत्नी श्री विपिन राजवैद्य एवं श्री विपिन राजवैद्य आत्मज श्री आर.एस. राजवैद्य के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 1/2/2012 को उप पंजीयक कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती अर्चना यादव पत्नी श्री जय प्रताप यादव के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 18/11/2026 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती अर्चना यादव पत्नी श्री जय प्रताप यादव के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल

4081

जाहिर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, की मेरी पक्षकारा ने एक किता भूखण्ड कमांक ए-10 जिसका साईज 25X108 कुल क्षेत्रफल 2700 वर्गफिट है, जो खसरा क्रमांक 54/1/5/1(S), 259/4/2/1 रकबा 0.18 एकड़ / डेसीमल का अंशभाग होकर स्थित-ग्राम चौपड़ा कलां पटवारी हल्का नम्बर 30 राजस्व निरीक्षक मण्डल 03 विकास खण्ड फन्दा तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम की सीमाओं के बाहर, भोपाल-विदिशा मुख्य मार्ग से लगकर, ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाएँ इस प्रकार से है :-दिशा पूरब में- भोपाल-विदिशा मुख्य मार्ग, दिशा पश्चिम में विक्रेता की शेष भूमि, दिशा उत्तर में- भूखण्ड नम्बर ए-09, एवं दिशा दक्षिण में भूखण्ड नम्बर ए-11. जो विक्रेता-श्रीमती अनुपम कुमारी सिन्हा पत्नी श्री धुर्व कुमार सिन्हा आयु वयस्क निवासी 6, गली नं. 6, माली मार्केट, ऐशबाग के पीछे, भोपाल म.प्र. द्वारा अनुबंधकर्ता - श्री शेरू मीना आत्मज स्व. श्री भोजराज मीना आयु वयस्क निवासी ग्राम चौपड़ा कलां विदिशा रोड भोपाल म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के उपरोक्त भूखण्ड का अनुबंध मेरी पक्षकारा ने कर लिया है। और शीघ्र ही मेरी पक्षकारा उक्त भूखण्ड की तय मियाद में रजिस्ट्री कराने जा रही है। यह कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी व्यक्ति की कोई लेनदारी, सरकारी, गैर सरकारी, बैंक, वित्तीय, कहीं बंधक या कर्ज में लिप्त हो तो इस प्रकाशन के सात दिवस में आपत्ति दर्ज करा सकते है अर्थात् मेरे कार्यालय में मय सबूत के दर्ज करावे, अन्यथा मेरी पक्षकारा रजिस्ट्री करालेंगी, बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

AKSHAY YADAV, ADVOCATE
Office:-Sai Law Chamber P-5, Patel Market, Bhanpur Vidisha Road Bhopal M.P.
Mobile No.: 9584942608

4080

जाहिर सूचना

(मूल विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) गुम होने के संबंध में)

मैं अपनी पक्षकार पी. एन. बी. हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार के समक्ष श्री राम सिंह यादव आत्मज श्री श्यामले यादव, आयु-वयस्क, निवासी- मकान नं.- 30 ग्राम बेलखेड़ी पटेरा दमोह मध्यप्रदेश, ने ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक आवासीय भवन स्थित प्लाट नं. 291 मधुवन हिल्स जो खसरा क्रं. 175/1/1, ग्राम पिपलिया गज्जू तहसील गौहरगंज जिला रायसेन में म.प्र. स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 15X30 अर्थात 450 वर्गफीट है, जिसकी चतुर्थ सीमाएँ पूर्व में अन्य कि भूमि, पश्चिम में -रोड, उत्तर में भूखण्ड क्रं. 292, दक्षिण में भूखण्ड क्रं. 290 स्थित है जो कि मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. में स्थित है। यह कि उक्त संपत्ति जो कि मेरे द्वारा श्री राम दयाल मीणा, व अन्य द्वारा मुख्तयार आम श्री बिमलेश सिंह ठाकुर पुत्र श्री जी.एल. ठाकुर आयु- 40 वर्ष लगभग जाति ठाकुर निवासी शंकरायार्य नगर भोपाल से दिनाँक 30/08/2011 को पुस्तक क्रं अ-1 ग्रंथ क्रं 2121 पृष्ठ 08 (55-60) दस्तावेज क्रं 1321 के क्रय कि गई है जो कि उप पंजीयन कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन म.प्र. में दर्ज है। उपरोक्त मूल रजिस्ट्री जो कि मण्डीदीप स्थित घर प्लाट नं 291 मधुवन हिल्स जो खसरा क्रं 175/1/1, ग्राम पिपलिया गज्जू तह गौहरगंज जिला रायसेन में म.प्र. से कही गुम हो गई है। जिसकी गुम होने की शिकायत पुलिस थाना मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन (म.प्र.) को करा दी गई थी। ताकिदे जानिये कि मेरे पक्षकार पी. एन. बी. हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड भोपाल द्वारा उक्त सम्पति पर ऋण दिये जाने की प्रक्रिया होनी है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था द्वारा उक्त रजिस्ट्री का दुरूपयोग किया जाता है, अपराधिक आशय से उसका दुर्विनियोग करता है तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार सूचना दाता के पास सुरक्षित रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित संपति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व, अधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 05 दिवस की अवधि के अंदर मुझसे, मेरे कार्यालय में संपर्क स्थापित करें एवं आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त समयावधि के बाद आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

राजेन्द्र सिंह राजपूत,अधिवक्ता
308 बी डी ए काम्पलेक्स,शिवाजी नगर भोपाल
मोबाइल नंबर-90392 46080

4079

कार्यालय हल्का पटवारी वृत्त 01 रापडिया, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल, म.प्र.

01/रा.नि./2026 भोपाल, दिनांक 18/11/2026

सूचना-पत्र

प्रति, 1-श्री अरूण कुमार शर्मा पिता संतोषीलाल शर्मा पता 140, फ्लावर सिटी भोपाल 2-श्री कृष्णकांत बिजोरिया पिता प्रदीप बिजोरिया पता न्यू बस स्टैंड आष्टा सीहोर म.प्र. 3-श्री पूर्णा राठौर पति शिवप्रसाद पता फ्लेट नं. बी.9-402, आर पी एस सवाना, आर पी एस सिटी सेक्टर 88 खेरी कलां फरीदाबाद 4-श्रीमती छवि भारद्वाज पत्नी नन्द कुमारम, श्री नन्द कुमारम पुत्र आद्यानंद झा पता भोपाल 5-श्री मुकेश चांदवानी पिता परमानन्द चांदवानी पता कटारा भोपाल 6-श्री ओ.पी. कृपलानी आ. मूलचन्द कृपलानी नि. भोपाल 7-मेसर्स असनानी बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स लिमिटि